BINOD BIHARI MAHTO KOYALANCHAL UNIVERSITY
DHANBAD, JHARKHAND
E-mail:- registrarbbmku@gmail.com

Ref. No. : BBMKU/R/ 1378 /2025 Date:- 04.08.2025

सूचना

निर्देशानुसार, अत्यंत दुख के साथ सूचित करना है कि **श्री शिबू सोरेन, माननीय पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड-सह - राज्य सभा सांसद** का निधन आज दिनांक 04.08.2025 को प्रातः गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली में हो गया है। दिवंगत माननीय पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड-सह-राज्य सभा सांसद के सम्मान में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्गत पत्र ज्ञाप संख्या - 833, राँची, दिनांक 04.08.2025 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या- 4659 दिनांक 04.08.2025 के आलोक में दिनांक 04.08.2025 से 06.08.2025 तक 03(तीन) दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकार के सभी कार्यालय दिनांक 04.08.2025 एवं 05.08.2025 को बंद रहेंगे।

अतएव, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद मुख्यालय एवं उसके अंतर्गत सभी अंगीभूत एवं संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय दिनांक 04.08.2025 एवं 05.08.2025 को बंद रहेंगे तथा दिनांक 05.08.2025 को होने वाली पूर्व निर्धारित परीक्षा स्थगित की जाती है, उक्त परीक्षा की नयी तिथि की घोषणा परीक्षा विभाग, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद द्वारा शीघ्र की जाएगी।

इसी आलोक में विश्वविद्यालय के ज्ञापांक 1363 दिनांक 31.07.2025 के द्वारा स्नातक के प्रथम चयन सूची के छात्रों के नामांकन हेतु Document Verification की अंतिम तिथि 05.08.2025 निर्धारित की गई थी जिसे उक्त परिपेक्ष्य में एक दिन विस्तारित कर 06.08.2025 की जाती है। उक्त ज्ञापांक के शेष अंश यथावत रहेंगे।

P Tripathy 4/8/25

कुलसचिव
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय,
धनबाद